प्रेरणा
समय बहाकर ले जाता है
नाम और निशां
कोई 'हम' में रह जाता है
तो कोई 'अहम' में

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 07 OCTOBER TO 13 OCTOBER 2022 • VOLUME-12 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING


INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges & *Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD




E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


# एआईजी आशीष कपूर गिरफ्तार

**एक करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का दोष, डीएसपी पवन कुमार व एएसआई हरजिन्दर सिंह के ख़िलाफ़ भी सह-मुलजिमों के तौर पर केस दर्ज**

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



विजीलैंस ब्यूरो पंजाब ने आज सहायक इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस (ए. आई. जी.) आशीष कपूर, पी. पी. एस., जोकि अब कमांडैंट, चौथी आई. आर. बी, पठानकोट के पद पर तैनात है, को अलग-अलग चैकों के द्वारा एक करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के दोष के तहत गिरफ़्तार कर लिया है। इस मुकदमे में डीएसपी इंटेलिजेंस पवन कुमार और एएसआई हरजिन्दर सिंह को भी मुलजिम के तौर पर नामज़द किया गया है।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में विजीलैंस ब्यूरो ने उपरोक्त तीनों ही मुलजिमों के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 7, 7-ए और आइपीसी की धारा 420, 120-बी के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है और इस मामले की आगे जांच जारी है।

उन्होंने बताया कि साल 2016 में केंद्रीय जेल, अमृतसर में बतौर सुपरडैंट जेल तैनाती के दौरान आशीष कपूर की जान-पहचान सैक्टर 30, कुरुक्षेत्र, हरियाणा की पूनम राजन नामक महिला के साथ हो गई थी, जोकि किसी केस में जेल में ज्यूडिशियल रिमांड अधीन थी। जब पूनम राजन अपनी माँ प्रेम लता, भाई कुलदीप सिंह और भाभी प्रीति समेत थाना ज़ीरकपुर में आई. पी. सी की धारा 420/ 120-बी के अंतर्गत दर्ज एफ. आई. आर नंबर 151/ 2018 में पुलिस रिमांड पर थी तो तब आशीष कपूर थाना ज़ीरकपुर में गया और धोखे से पूनम राजन की माँ प्रेम लता को ज़मानत दिलाने और अदालत से बरी कराने में मदद करने के लिए राज़ी कर लिया।

इसके बाद आशीष कपूर ने थाना ज़ीरकपुर के तत्कालीन एसएचओ पवन कुमार, और एएसआई हरजिन्दर सिंह ( नंबर 459/ एसजीआर) की मिलीभुगत से पूनम राजन की भाभी प्रीति को बेकसूर करार कर दिया। इस मदद के बदले में आशीष कपूर ने उक्त प्रेम लता से 1,00,00,000 की रकम के अलग-अलग चैकों पर हस्ताक्षर करवा लिए जो अपने परिचतों के नाम पर जमा करवा करके ए. एस. आई. हरजिन्दर सिंह के द्वारा रुपए प्राप्त कर लिए। प्रवक्ता ने बताया कि ऐसा करके उपरोक्त मुलजिमों आशीष कपूर, पवन कुमार और हरजिन्दर सिंह के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून और आई. पी. सी. की धारा 420, 120-बी के अंतर्गत जुर्म करने पर मौजूदा केस दर्ज किया गया है।

## रिश्वत की मांग करने वाला विभागीय क्लर्क शिक्षा मंत्री के हुक्मों पर सस्पेंड

पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि आज प्रातःकाल किसी व्यक्ति ने उनको शिकायत की थी कि ज़िला शिक्षा अफ़सर सी. सै. पठानकोट के दफ़्तर में तैनात क्लर्क अरुण कुमार जायज़ काम करने के बदले भी 20 हज़ार रुपए रिश्वत की माँग कर रहा था। शिकायतकर्ता ने सबूत के तौर पर कॉल रिकार्डिंग भी उपलब्ध करवाई थी।

बैंस ने बताया कि उन्होंने शिकायत सम्बन्धी तुरंत प्राथमिक जांच करवाई और दोष सही पाये गए। जिस पर उन्होंने डीपीआई सेकंडरी शिक्षा को हुक्म दिए कि अरुण कुमार क्लर्क को तुरंत मुअत्तल किया जाये। जिस सम्बन्धी विभागीय हुक्म जारी कर दिए गए हैं।

### कैदी के फ़रार होने के मामले में जेल मंत्री बैंस ने दिए सख़्त कार्यवाही के निर्देश

# ड्यूटी में लापरवाही : डीएसपी वरुण शर्मा समेत 4 मुअत्तल

*जेल सुपरीटैंडेंट पटियाला मनजीत सिंह टिवाना और असिस्टेंट जेल सुपरीटैंडेंट पटियाला जगजीत सिंह को कारण बताओ नोटिस...*

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

कैदी के फ़रार होने सम्बन्धी मामले में पंजाब के जेल मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा सख़्त कार्यवाही करने के निर्देशों के अंतर्गत जेल विभाग ने आज डिप्टी सुपरीटैंडेंट सुरक्षा पटियाला जेल, वारंट अफ़सर पटियाला और दो वार्डरों को मुअत्तल कर दिया गया है। जेल सुरक्षा के लिए तैनात डी. एस. पी. (सुरक्षा) वरुण शर्मा, पटियाला जेल के असिस्टेंट सुपरीटैंडेंट- कम-वारंट अफ़सर हरबंस सिंह, जेल वार्डर सतपाल सिंह बैलट नंबर 707 और मनदीप सिंह बैलट नंबर 562 को मुअत्तल कर दिया गया है। इसके इलावा जेल सुपरीटैंडेंट पटियाला मनजीत सिंह टिवाना और असिस्टेंट जेल सुपरीटैंडेंट पटियाला जगजीत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बताने योग्य है कि पटियाला जेल के घग्गा ब्लॉक के देदना गाँव का रहने वाला अमरीक सिंह पटियाला जेल में सजा काट रहा था, जहाँ से वह इलाज के बहाने राजिन्द्रा अस्पताल में इलाज के लिए दाखि़ल करवाया गया था। जेल स्टाफ की लापरवाही के कारण उक्त कैदी अस्पताल में से भागने में कामयाब हुआ। इस कैदी को पटियाला जेल से राजिन्द्रा अस्पताल में तबदील करने के दौरान राज्य सरकार की तरफ से तय नियमों का भी उल्लंघन किया गया था। जेल मंत्री ने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को हिदायत की कि किसी भी किस्म की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## उधार अभ्यास कोड की पालना न करने वाली कंपनियों के विरुद्ध होगी सख़्त कार्यवाही : चीमा

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा भारतीय रिज़र्व बैंक के निष्पक्ष उधार अभ्यास कोड का उल्लंघन करने वाली कर्ज़ देने वाली फर्मों को चेतावनी दी कि यदि ऐसे उल्लंघन का कोई भी मामला सरकार के ध्यान में आने पर सख़्त कार्यवाही की जायेगी। वित्त मंत्री ने यह चेतावनी ग्रामीण और खेत मज़दूर यूनियनों के सांझे मोर्चो की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुये दी। फ्रंट ने मंत्री को अवगत करवाया कि कुछ माईक्रोफाईनांस फर्मों समेत बहुत सी उधार देने वाली फर्में घटिया चालों और नाजायज वसूली अभ्यासों का सहारा ले रही हैं। इसका गंभीर नोटिस लेते हुये चीमा ने वित्त विभाग को हिदायत की कि ऐसी किसी भी घटना की रिपोर्ट भारतीय रिज़र्व बैंक को की जाये और ऐसे अदारों के पूरे भारत के लायसेंस को रद्द करने समेत सख़्त कार्यवाही की सिफ़ारश की जाये।

दो घंटे तक चली इस उच्च स्तरीय मीटिंग के दौरान वित्त मंत्री की तरफ से फ्रंट की माँगों के बारे विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस मीटिंग में पुलिस, सामाजिक सुरक्षा, बिजली, सहकारिता, ख़ाद्य और सिवल सप्लाई, ग्रामीण विकास और वित्त विभागों के सीनियर अधिकारी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने इन अधिकारियों को हिदायत की कि जिन मुद्दों पर तुरंत कार्यवाही संभव है ऐसीं सभी माँगों पर तुरंत कार्यवाही यकीनी बनाई जाये।

## पंजाबी परिवार के कत्ल की जांच के लिए विदेश मंत्रालय से दख़ल की मांग



**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैलिफोर्निया में पंजाबी परिवार के हुए कत्ल की जांच के लिए संयुक्त राज्य अमरीका की फेडरल सरकार को प्रभावित करने के लिए केंद्रीय विदेश मंत्री के दख़ल की माँग की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत मन्दभागा है कि राज्य के होशियारपुर जिले के हरसी गाँव के साथ सम्बन्धित पंजाबी परिवार का कैलिफोर्निया में कत्ल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिवार को पहले अगवा किया गया और फिर बेरहमी से कत्ल कर दिया गया। मान ने बताया कि मृतकों की पहचान जसदीप सिंह, जसलीन कौर, अमनदीप सिंह और 8 महीने की बच्ची रूही के तौर पर हुई है।

## गुजरात चुनाव के लिए भाजपा ने उतारी नेताओं की फौज



**अहमदाबाद.** गुजरात चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी पूरी कमर कस ली है। भाजपा के समक्ष गुजरात में सत्ता में वापसी करना एक बड़ी चुनौती है। पिछले 27 सालों से भाजपा लगातार गुजरात में सत्ता में बनी हुई है। इस बार भी भाजपा सत्ता में वापसी के लिए मजबूत चुनावी रणनीति के साथ मैदान में उतरने वाली है। यही कारण है कि केंद्रीय मंत्रियों को अब गुजरात में अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी जा रही है। भाजपा की ओर से यह फैसला ऐसे समय में हुआ है जब हाल में ही नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों ही गुजरात दौरे से वापस लौटे हैं। हालांकि, भाजपा लगातार राज्य के विधानसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्रियों की फौज को उतारती रही है। कहीं भी चुनाव हो, भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में रहती है।

जानकारी के मुताबिक गुजरात के अलग-अलग जिलों में केंद्रीय मंत्री जाएंगे और जिलों के हिसाब से रणनीति भी तय करेंगे। मीनाक्षी लेखी को जहां तापी भेजा गया है तो वही बीएल वर्मा खेड़ जिले में रहने वाले हैं। 7 अक्टूबर को 6 केंद्रीय मंत्री गुजरात में होंगे। पंचमहाल जिले में वीरेन कुमार होंगे। वही स्मृति ईरानी को आणंद जिले की जिम्मेदारी दी गई है। अजय भट्ट अरावली में जबकि भूपेंद्र यादव अमरेली में रहेंगे। किरण रिजिजू के भावनगर जिले में कार्यक्रम है। ऐसे ही 8 नवंबर को 3 केंद्रीय मंत्री, 9 नवंबर को 2 व 10 नवंबर को 3 केंद्रीय मंत्री गुजरात में अलग-अलग जगह मौजूद रहेंगे।

# परचा कल्चर पंजाब में शिखर पर, विरोधी जता रहे कड़ा ऐतराज

## क्या भाषण दूसरों को देने के लिए होते हैं अपने पर लागू नहीं होते

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर

पंजाब में लोगों ने पिछली सरकारों से तंग आकर आम आदमी पार्टी को भारी संख्या में मतदान करके पार्टी को 92 सीटों से जीत दिलाई और रातों रात अपनी तक़दीर बदलने का सपना देखने लगे। परन्तु मौजूदा हालात लोगों के लिए विपरीत चल रहे हैं। जिसका मुख्य कारण पिछली सरकारों की तरह ही मौजूदा सरकार में परचा कल्चर का प्रयोग का होना है। यहां आए दिन किसी न किसी के खिलाफ धड़ाधड़ परचा होना आम बात हो गई है। जिसके अनेकों उदाहरण इन दिनों लोगों को देखने को मिल रहे हैं।

**हालात-ए-पंजाब**




जिक्रयोग्य है कि कुमार विश्वास से लेकर लक्खा सिधाना पर और टक्साली राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं संबंधी पंजाब की जनता को देखने को मिला है। यही काम अपने कार्यकाल के दौरान कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 2002 में प्रकाश सिंह बादल और सुखबीर बादल को अंदर करवाकर वाहवाही तो लूटी थी, परन्तु 2007 में लोगों ने फिर उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया था और फिर यही काम सुखबीर सिंह बादल ने सिटी सेंटर लुधियाना घोटाले की एवज में कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ अपने कार्यकाल के दौरान परचा दर्ज करवाया था। परन्तु न तो सुखबीर बादल को कुछ फर्क पड़ा और न ही कैप्टन अमरिंदर सिंह को। जिससे लोगों को यह अंदाजा लगाने में जरा भी मुश्किल नहीं हुई कि यह सब सियासी स्टंट तो सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाने के लिए है इससे ज्यादा और कुछ नहीं।

कैप्टन अमरिंदर सिंह की सत्ता जाने के बाद पंजाब की सत्ता पर मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी काबिज हुए और उन्होंने भी राजनीतिक लाभ लेने के लिए बिक्रम सिंह मजीठिया पर परचा करवाया लेकिन बाद में एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) द्वारा उनके भतीजे से ही मोटी रकम की वसूली की गई और चन्नी का मजीठिया ने खूब मज़ाक उड़ाया।

वहीं 2022 में चन्नी की पूरी हवा होने के बावजूद सिर्फ 18 सीटों पर ही कांग्रेस पार्टी सिमट कर रह गई।

अब पंजाब की जनता को फिर से वही सब कुछ देखना पड़ रहा है। लोगों ने भाई-भतीजावाद, रिश्तेदारी और मिलीभगत के सरकारों से तंग आकर पंजाब में इस बार आम आदमी पार्टी को भारी बहुमत के साथ यानि 92 सीटों के साथ जितवाया। अब जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी को एक नई उम्मीद की तरह देखने लगे थे लेकिन हुआ बिल्कुल उसका उलट। इसका मुख्य कारण यह है कि आम आदमी पार्टी के विधायकों का दिमाग सातवें आसमान पर है। इसके कई उदाहरण पंजाब में लोगों ने देखे। सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी के विधायकों पर राजनीति का रंग ऐसा चढ़ा कि कोई भी व्यक्ति उनके अनियमितताओं के खिलाफ बगावत नहीं कर सकता। अगर किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उस व्यक्ति के खिलाफ पर्चा तय समझो।

हाल ही में एक ऐसा ही मामला गैंगस्टर से समाज सेवी बने एक शख्स पर दिल्ली के एक नेता के खिलाफ बोलने पर उसके खिलाफ पुराने मामलों के अलावा कोई और पर्चा भी जोड़ दिया गया जिससे उसका दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं जिसके खिलाफ उक्त समाज सेवी द्वारा उन पर्चों के विरोध में एक रैली का आयोजन भी किया गया।

बता दें कि जनता को हमेशा ही नई सरकार से विकास, तरक्की और शांति-अमन की उम्मीद होती है। ताकि समाज तरक्की की ओर अग्रसर हो सके। लेकिन अब तक जनता ने जिस किसी को चुना है वह चुने जाने के बाद जनता को कुछ ही दिनों में भूल भालकर पावर के नशे में चूर हो जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि उन्हें जनता ने किस काम के लिए चुना है। लेकिन पंजाब की जनता बदले की भावना से अब ऊब चुकी है और लोग अंदर ही अंदर खुद को कोसते हुए उस कहावत को याद कर रहे हैं...चोर-चोर मौसेरे भाई।

लेकिन मौजूदा सरकार से जनता का भरोसा अभी पूरी तरह उठा नहीं है इसलिए आने वाले दिनों में देखना है कि सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी अब तक के किए कार्यों संबंधी होमवर्क करके पिछली गलतियों से सीखते हुए आगे की रणनीति में सुधार करती है या फिर ऐसे ही परचा कल्चर में अपना और जनता का कीमती समय बर्बाद करती है और विरोध करने वालों को सराहेगी या फिर उन पर भी परचा करवाएगी।

# दुर्गा पूजा के लिए फेमस भारत की ये जगह, खूबसूरत पंडाल के हो जाएंगे दीवाने

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

भारत में हर तरह के त्योहार को धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि के साथ ही इस साल के त्योहारों का सीजन शुरू हो गया है। वैसे तो दुर्गा पूजा बंगाल में बड़ी ही धूमधाम से मनाई जाती है। लेकिन देश के कई जगहों की दुर्गा पूजा काफी मशहूर है और यहां यह त्योहार बेहद खास तरह से मनाया जाता है। यहां जानिए देश के अन्य शहरों की दुर्गा पूजा के बारे में।

▸ **दिल्ली**- दिल्ली में हर फेस्टिवल का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया जाता है। ऐसे में दुर्गा पूजा का आयोजन भी भव्य होता है। पंडाल से लेकर ऑथेंटिक बंगाली डिशेज तक, यहां आपको सब कुछ मिलेगा। अगर आप दिल्ली में हैं तो आपको दुर्गा पूजा का लुत्फ उठाना चाहिए।

▸ **अहमदाबाद**- अहमदाबाद में लोग इस त्योहार को अलग तरह से मनाते हैं, पूरे त्योहार के दौरान, आप पूरी रात आतिशबाजी देख सकते हैं। इसके अलावा यहां पर मंच बनाए जाते हैं जहां नाटक का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा बड़े पंडालों में डांडिया नाइट का आयोजन भी किया जाता है।

▸ **पुणे**- दुर्गा पूजा के दौरान पुणे में पंडालों में जाएं और संगीत, डांस, नाटक आदि जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मजा लें। यहां आप देवी दुर्गा को परोसे जाने वाले भोगों को जरूर चखें।

▸ **मुंबई**- मुंबई के सांता क्रूज में लगने वाला विशाल दुर्गा पंडाल देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। इस पंडाल की भव्यता हर किसी को आकर्षित करती है। इस पंडाल की मेजबानी बॉलिवुड का मुखर्जी परिवार करता है।

भारत में कई जगहों पर दुर्गा पंडाल सजाए जाते हैं। लेकिन कुछ ऐसी प्लेसिस भी हैं जो दुर्गा पूजा के लिए फेमस हैं और यहां पर बेहद खूबसूरत पंडाल भी सजाए जाते हैं।












## FASSION+

## सिंपल कपड़ों में भी गॉर्जियस दिखती हैं मौनी रॉय, फेस्टिव सीजन के लिए इंस्पिरेशन

मौनी रॉय अपनी एक्टिंग और स्टाइलिश अंदाज के कारण अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस के 37वें बर्थडे के खास मौके पर देखें उनके कुछ ट्रेडिशनल लुक्स।



एक्ट्रेस मॉनी रॉय अपनी एक्टिंग के साथ ही अपने स्टाइल से भी फैंस को दीवाना बना देती हैं। एक्ट्रेस का स्टाइल हमेशा यूनीक होता है। मौनी सिंपल से अपने लुक को स्पेशल बना देती हैं। उनके मेकअप और हेयर्स को अक्सर लोग पसंद करते हैं। आज मौनी अपना 37 वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर आप भी देखें उनके कुछ लेटेस्ट लुक, जो अपकमिंग फेस्टिव सीजन के लिए बेस्ट हैं।

अदाकारा हर तरह के कपड़ों में खूबसूरत दिखती हैं। अपने लुक से वह हर किसी को घायल कर देती हैं। ग्रे सूट में उनका ये लुक काफी प्यारा है। जिसे आप अपकमिंग फेस्टिव सीजन में कैरी कर सकते हैं। इस सूट का डिजाइन काफी खूबसूरत है। फुल स्लीव्स वाले इस सूट पर गोल्डनन गोटा पत्ती का बॉर्डर है। सूट के नेक पर भी सेम बॉर्डर लगा है। इसके कलाई स्लीव्स पर कमूरे की लेस भी लगी हुआ है। मौनी का मेकअप हर बार की तरह ऑनपॉइंट है।

### हरी प्लेन साड़ी में ब्रालेट डिजाइन ब्लाउज

मौनी अपनी अदाओं से हर किसी दिल जीत लेती हैं। उनके इस लुक में उन्होंने हरे रंग की प्लेन साड़ी को कैरी किया है। इस प्लेन साड़ी के साथ उन्होंने ब्रालेट डिजाइन के ब्लाउड को कैरी किया है। न्यूड मेकअप और हरे रंग की चांद बालिया इस लुक में चार चांद लगा रही हैं।



### करवाचौथ के लिए बेस्ट है लाल साड़ी

लाल रंग की हैवी दिखने वाली साड़ी में मौनी का ये लुक कमाल है। हैवी साड़ी में भी एक्ट्रेस ने सादगी के साथ अपने लुक को कैरी किया है। एक्ट्रेस ने इस साड़ी के साथ ब्रालेट डिजाइन वाले ब्लाउज को कैरी किया है, जो काफी प्यारा लग रहा है। इसी के साथ उन्होंने न्यूड मेकअप किया है और खूबसूरत ईयररिंग्स को कैरी किया है।



### पिंक साड़ी में जबरदस्त लुक

सिंपल लुक पसंद करते हैं तो मौनी के इस लुक की तरह आप भी खुद को स्टाइल कर सकते हैं। इस खूबसूरत पिंक साड़ी में एक्ट्रेस ने प्यारे से लुक को कैरी किया है। विंग्ड आइलाइनर, मस्कारा, पिंक गाल और न्यूड लिपस्टिक इस लुक को अट्रैक्टिव बना रहे हैं। बालों में हल्का कर्ल और कानों में बड़े सिल्वर झुमके काफी प्यारे लग रहे हैं। सिंपल साड़ी में मेकअप और हेयर स्टाइलिंग से मौनी ने अपने लुक को हैवी किया है।



## घर पर बनाया जा सकता है बाजार जैसा ओरिगैनो, कम तामझाम में होता है तैयार

ज्यादातर लोग बाजार से ऑरिगैनो खरीदते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप इसे घर पर भी बना सकते हैं। यहां देखें इसे बनाने का तरीका-





अक्सर जब हम बाजार से पिज्जा ऑर्डर करते हैं तो खूब सारी पिज्जा सिजनिंग उठाते हैं। खासकर ऑरिगैनो को खूब पसंद किया जाता है। इन पैकेट्स को महीनों तक संभाल कर रखते हैं और कुछ स्पेशल डिशेज जैसे मैगी या पास्ता में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, बाजार में भी ये आसानी से मिल जाता है। लेकिन काफी महंगा होता है। ऐसे में आप इसे घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं। घर पर बने इस ऑरिगेनो को आप लंबे समय तक स्टोर कर सकते हैं। इसे आप कम तामझाम में तैयार कर सकते हैं।।

**सामग्री-**

- √ 2 बड़े चम्मच सूखे ऑरिगैनो
- √ 1 छोटा चम्मच सूखी तुलसी
- √ 1 बड़ा चम्मच पिसी हुई काली मिर्च
- √ 1 बड़ा चम्मच चिल्ली फ्लेक्स
- √ 1 छोटा चम्मच नमक
- √ 1 बड़ा चम्मच क्रिस्पी लहसुन

**कैसे बनाएं-**

एक कढ़ाई में तेल गर्म करें, लहसुन को धीमी आंच पर सुनहरा होने तक पकाएं। ध्यान रखें कि जब आप लहसुन डालेंगे तो तेल बहुत ठंडा नहीं होना चाहिए नहीं तो यह कुरकुरा नहीं होगा। एक छन्नी में इसे छानें और फिर टिशू पेपर पर रखें, ताकी इसका एक्सट्रा तेल सूख जाएं। अब इसमें सूखी तुलसी के पत्तों को पीस दें। फिर काली मिर्च, चिल्ली फ्लेक्स, नमक, ऑरिगैनो को पत्तों को क्रश कर के डालें और फिर मिक्स करें। ठंडा होने के बाद कांच के एयर टाइट डिब्बे में भरकर फ्रिज में 3 से 4 महीने तक रख सकते है।

## अस्तित्व पर संकट टालने और जीवित रहने पर लोग हंसते हैं, यह स्वस्थ रहने में मददगार




कोई भी हंसता क्यों है? इस सवाल पर अब तक कई रिसर्च हो चुकी हैं, लेकिन हाल ही में हंसी की वजहों पर 150 से ज्यादा रिसर्च पेपर्स की स्टडी के आधार पर नया दावा किया गया है। इसके अनुसार हंसना एक टूल हो सकता है। पिछले 10 सालों में हंसने के विज्ञान पर स्टडी करने वाले वैज्ञानिक कार्लो वैलेरियो बेलिएनी ने कहा कि हंसी एक ऐसा टूल है, जो प्रकृति ने हमें जीवित रहने में मदद करने के लिए दिया है।

शोधकर्ताओं ने हंसी की भौतिक विशेषताएं बताई हैं। इसके अनुसार हंसी से मन प्रसन्न होता है। सेहत में भी लाभ मिलता है। वैज्ञानिकों ने उन स्थितियों की मुख्य विशेषताओं का विश्लेषण किया जिसमें मनुष्य हंसता है। इसमें सामने आया कि हंसी की प्रक्रिया को घबराहट, संकल्प और एक संभावित संकेत के चरणों में समझा जा सकता है।

लाखों साल पहले जब मानव जीवन के अस्तित्व पर संकट आया, तो जीवित रहने में मदद के रूप हंसी को प्राकृतिक रूप से चुना गया। दरअसल, हंसने के लिए कोई घटना हानिरहित होनी चाहिए। यानी ऐसी चीज, जो अजीब लगती है और असंगति की भावना पैदा करती है, वह हमें हंसाती है।

**हंसी संक्रामक होती है, खतरा न होने का भरोसा बढ़ाती है :** हंसी हमें यह भरोसा दिलाती है कि कोई खतरा नहीं है। हंसी अच्छी तरह से एक संकेत हो सकती है, जिसे लोगों ने हजारों साल से दूसरों को दिखाने के लिए इस्तेमाल किया है कि खतरा टल चुका है। इसलिए हंसी अक्सर संक्रामक होती है।

## वेट लॉस पेट की चर्बी घटाने वाले ये फूड्स ब्रेकफास्ट में जरूर खाएं

***वेट लॉस करने के लिए कारगर चीजें अक्सर स्वादिष्ट नहीं लगती लेकिन अगर आप तेजी से वेट लॉस करना चाहते हैं, तो आपको इन चीजों को खाना ही चाहिए। आइए, जानते हैं वे फूड्स...***




हर स्वाद लगने वाली चीज स्वादिष्ट हो, यह जरूरी नहीं होता। कहा जाता है कि हेल्दी चीजें अक्सर बेस्वाद और कड़वी होती हैं। वेट लॉस के मामले में भी यह बात सही बैठती है। वेट लॉस करने के लिए कारगर चीजें अक्सर स्वादिष्ट नहीं लगती लेकिन अगर आप तेजी से वेट लॉस करना चाहते हैं, तो आपको इन चीजों को खाना ही चाहिए। आज हम आपको ऐसी चीजें बता रहे हैं, जिन्हें डाइट में शामिल करने से तेजी से वजन कम होता है।

### पॉलीफेनोल्स फूड्स

पॉलीफेनोल्स पोषक तत्व है, जो पौधों में काफी मात्रा में पाए जाते हैं। इन्हें गुड बैक्टीरिया के नाम से भी जाना जाता है। जो डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए अच्छे होते हैं। इसकी सही मात्रा पाने के लिए आपको फल, सब्जियां, राजमा, बीन्स जैसी चीजें डाइट में शामिल करनी चाहिए।

### प्रोबायोटिक्स और प्रीबायोटिक्स फूड्स

वजन घटाने में तेजी लाने के लिए प्रोबायोटिक्स और प्रीबायोटिक्स को शामिल करने की सलाह देते हैं। इसमें दूध, दही, पनीर छाछ जैसी चीजों का सेवन करना चाहिए। जिससे कि आपका डाइजेशन ठीक रह सके।

### पेट की चर्बी घटाने के लिए जरूर खाएं

- √ मूंग की दाल पोषण से भरपूर होती है इसलिए आपको प्रोटीन की मात्रा की पूर्ति के लिए मूंग की दाल जरूर खानी चाहिए। मूंग की दाल जल्दी पच जाती है। इसे खाने से पेट की चर्बी कम होती है।
- √ रागी भी एक ऐसा फूड है, जो न सिर्फ प्रोटीन से भरपूर होते हैं बल्कि इनमें फाइबर की मात्रा भी पाई जाती है। आप रागी को ब्रेकफास्ट में जरूर खाएं। इसे खाने से तेजी से वेट लॉस होता है।
- √ आप अगर अंडे खाते हैं, तो इससे बेहतर ब्रेकफास्ट नहीं है। अंडे में सबसे ज्यादा प्रोटीन होता है। अंडे खाने से आपको काफी देर तक भूख नहीं लगती है इसलिए यह बेस्ट ऑप्शन है।
- √ दूध को कम्पलीट फूड माना जाता है इसलिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना न भूलें। दूध को डाइट में शामिल करने से आपका डाजेशन सिस्टम बेहतर रहता है और आपको जल्दी भूख नहीं लगती।



## यूएई ने बदला इमिग्रेशन रूल, भारतीयों को ऐसे मिलेगा फायदा



**जालंधर ब्रीज (वर्ल्ड न्यूज).** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पिछले महीने अपने एडवांस वीजा सिस्टम की घोषणा की थी। नए वीजा रूल्स में 10 साल की एक्सपेंडेड गोल्डन वीजा स्कीम भी शामिल है। इसके अलावा स्किल्ड वर्कर्स के लिए पांच साल की ग्रीन रेजीडेंसी और एक मल्टीपल एंट्री टूरिस्ट वीजा भी है। इसमें विजिटर्स यूएई में 90 दिन तक रुक सकेंगे।

### बदलावों का ऐसे फायदा

- पांच साल के ग्रीन वीजा की मदद से विदेशी बिना स्थानीय नागरिकों या कर्मचारियों की मदद से खुद को स्पांसर कर सकेंगे। इस वीजा के लिए फ्रीलांसर्स, स्किल्ड वर्कर्स और निवेशक एलिजिबल होंगे।
- सिर्फ इतना ही नहीं इसके अलावा ग्रीन वीजा धारक अपने परिवार के सदस्यों को भी स्पांसर कर सकेंगे। अगर किसी ग्रीन वीजा होल्डर का परमिट एक्सपायर करता है तो उन्हें छह महीने का समय दिया जाएगा।
- गोल्डन वीजा निवेशकों, एंटरप्रेन्योर्स, व्यक्तियों और अनोखी प्रतिभा के धनी लोगों के लिए होगा। इसके तहत उन्हें 10 साल की एक्सपेंडेड रेजीडेंसी मिलेगी।
- गोल्डन वीजा होल्डर्स फैमिली मेंबर्स और बच्चों को स्पांसर कर सकेंगे। गोल्डन वीजा होल्डर के फैमिली मेंबर्स कार्ड होल्डर की मौत के बाद भी वहां रह सकते हैं, जब तक कि वीजा वैलिड रहता है।
- गोल्डन वीजा होल्डर्स का यहां पर अपने बिजनेस पर 100 फीसदी मालिकाना हक होगा।
- टूरिस्ट वीजा पर आने वाले विजिटर यूएई में 60 दिनों तक रह सकेंगे।
- पांच साल का मल्टी एंट्री टूरिस्ट वीजा यूएई आने वालों को लगातार 90 दिन रुकने की इजाजत देगा।
- जॉब एक्सप्लोरेशन वीजा प्रोफेशनल्स को यूएई में बिना स्पांसर या होस्ट के नौकरी ढूंढने में मदद करेगा।

## स्वदेशी : लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स भारतीय वायुसेना में शामिल, आसमान पर लिखी एक और सफलता



विमानों का यह बेड़ा वायुसेना में जुड़ने के बाद भारतीय फोर्स की ताकत को न सिर्फ बढ़ाएगा, बल्कि पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर दुश्मन का खात्मा करने में भी सक्षम होगा। जानिए इनकी खासियत...



• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के बेड़े में आज देश का पहला स्वदेशी विमान जुड़ गया है। 10 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स का पहले बैच वायुसेना में शामिल हो गया है। विमानों का यह बेड़ा भारतीय फोर्स की ताकत को न सिर्फ बढ़ाएगा, बल्कि पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर दुश्मन का खात्मा करने में भी सक्षम होगा। हल्के वजन वाले इन विमानों की मदद से सेना सीमाओं पर आसानी से मिसाइल और अन्य हथियारों को ले जा सकेगी और दुश्मन का पलभर में खात्मा कर सकेगी। इन विमानों को खास ऊंचाई वाले इलाकों में खास ऑपरेशन के लिए बनाया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में जोधपुर में विमानों का यह बेड़ा वायुसेना में शामिल हो गया। इन खास किस्म के विमानों को एयरोस्पेस प्रमुख हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा विकसित किया गया है। इन्हें मुख्य रूप से उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। यही वजह है कि इन स्वदेशी लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल सीमाओं पर उन जगहों पर भी किया जाएगा, जहां फाइटर जेट का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

### बॉर्डर पर दुश्मन का खात्मा

वायुसेना के अधिकारियों ने का कहना है कि एलसीएच 'एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर' ध्रुव से समानता रखता है। इसमें कई में 'स्टील्थ' (राडार से बचने की) विशेषता, बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली, रात को हमला करने और आपात स्थिति में सुरक्षित उतरने की क्षमता है। इस खासियत से ये अत्याधुनिक विमान रात के अंधेरे में दुश्मन को पता लगे बिना खात्मा करने में माहिर है।



### 10 वायुसेना में और 5 सेना के बेड़े में होंगे शामिल

अधिकारियों ने कहा है कि 5.8 टन वजनी दो इंजन वाले लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स का पहले ही विभिन्न हथियारों से फायरिंग परीक्षण पूरा किया जा चुका है। इससे पहले मार्च में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने 3,887 करोड़ रुपये की लागत से 15 स्वदेशी रूप से विकसित लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन (एलएसपी) एलसीएच की खरीद को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि 10 हेलीकॉप्टर भारतीय वायुसेना के लिए और पांच भारतीय सेना के लिए होंगे।

अधिकारियों के अनुसार, इन स्वदेशी हेलिकॉप्टरों में कई खासियत हैं जो सेना को युद्ध के दौरान काफी सहायता दे सकते हैं। दुश्मन की खोज और खुद के बचाव (सीएसएआर), दुश्मन की वायु रक्षा (डीईएडी) को नष्ट करने और आतंकवाद विरोधी ( सीआई) संचालन इसकी खूबियों में है। इन हेलीकॉप्टरों को ऊंचाई वाले बंकर-बस्टिंग ऑपरेशन, जंगलों और शहरी वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियानों के साथ-साथ जमीनी बलों की मदद करने के लिए भी तैनात किया जा सकता है।

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू में 1960 करोड़ रूपए की कुल 263 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू में 1960 करोड़ रूपए की कुल 263 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 500 करोड़ रूपए की लागत से 82 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1460 करोड़ की लागत वाली 181 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी और प्रेमनाथ डोगरा को देश कभी भूल नहीं सकता क्योंकि अगर ये दोनों व्यक्ति ना होते तो जम्मू-कश्मीर का भारत के साथ कभी स्थायी जुड़ाव नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करने के लिए सबसे पहला बलिदान श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिया था और श्री प्रेमनाथ डोगरा जी की अगुवाई में चले आंदोलन ने यहां की सरकार को झंझोड़कर रख दिया था। उन्होंने कहा कि इन दोनों महान विभूतियों ने जिस आंदोलन का नेतृत्व किया था उसे लॉजिकल अंत तक ले जाने का काम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा विकास से महरूम रहा है क्योंकि तीन परिवारों के शासन ने जम्मू-कश्मीर को विकास के मामले में अन्य राज्यों से काफी पीछे रखा था,लेकिन, 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पीछे रह गए जम्मू-कश्मीर को लगभग सबके बराबर लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 42 हज़ार लोग आतंकवाद की भेंट चढ़ गए और दिल्ली में किसी के माथे पर शिकन तक नहीं आती थी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज आतंकवाद पर सुरक्षाबलों का संपूर्ण नियंत्रण दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में हड़ताल करने की किसी की हिम्मत नहीं है और ये बदलाव मोदी जी के मज़बूत नेतृत्व के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले एक साल का बजट तक करोड़ों रूपयों का नहीं होता था लेकिन आज एक महीने में करोड़ों रूपयों के विकास कार्य पूरे होते हैं और ये अंतर जम्मू-कश्मीर में शांति प्रस्थापित होने से आया है।

अमित शाह ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में लोगों के घरों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति होती है और ये बहुत बड़ा परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि जब जनता परिवर्तन का स्वागत करती है तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जिन तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, पिछड़ापन और विकास की जगह



अलगाववाद की राजनीति को बढ़ावा देने का काम किया, उन्हें पहचानने की आवश्यकता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शहरी विकास विभाग की 31 करोड़ रूपए की 14 परियोजनाएं, 402 करोड़ रूपए की लागत से 48 सड़कों का निर्माण, 168 करोड़ रूपए की लागत से जल जीवन मिशन और 1112 करोड़ रूपए की लागत से 41 योजनाएं जम्मू के हर गांव को सड़क से जोड़ने के लिए कई कार्यक्रम शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लगभग 77 लाख कार्ड दिए जा चुके हैं। सौभाग्य योजना के तहत 8 लाख 57 हज़ार ऐसे घरों में जहां आज़ादी के 75 सालों तक बिजली नहीं पहुंची थी, आज बिजली पहुंचाने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि विकास की ये यात्रा उन लोगों को जवाब है जो कहते थे कि धारा 370 हटने से क्या हुआ है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक हज़ार (PACS) पैक्स बनना बहुत बड़ी बात है क्योंकि उसी से किसानों का भला होता है।उन्होंने कहा कि जो विकास करना चाहते हैं वो सिर्फ विकास में श्रद्धा रखते हैं और जो भ्रष्टाचार करना चाहते हैं उन्हें विकास से कोई लेना-देना नहीं होता है। अमित शाह ने कहा कि पहली बार मोदी जी ने कश्मीरी, डोगरी, उर्दू और हिन्दी को यहां प्रस्थापित भाषाओं के रूप में मान्यता देने का काम किया क्योंकि अगर शासन की भाषा स्थानीय होती है तो प्रशासन जवाबदेह बनता है।उन्होंने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाज़ी की घटनाएं नहीं होती हैं क्योंकि अब नरेन्द्र मोदी सरकार कठोरता के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आतंकवाद के विरूद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है जिससे प्रशासन में बैठे आतंकवाद के समर्थकों को पहचानकर उन पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आतंकी घटनाओं में लगभग 54 प्रतिशत, सुरक्षाबलों की मृत्यु में 84 प्रतिशत और आतंकवादियों में शामिल होने वालों की संख्या में लगभग 22 प्रतिशत की कमी आई है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर के युवाओं के हाथों में पत्थर और बंदूक की जगह कम्प्यूटर और रोजगार देकर उन्हें आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने वंचितों को अधिकार देने, डोमिसाइल कानून में बदलाव करने, प्रवासियों और शरणार्थियों का पुनर्वास करने और लगभग 5300 परिवारों को साढ़े पांच लाख रूपये तक की सहायता देने का काम किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू में प्रधानमंत्री विकास पैकेज के अंतर्गत 80,000 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 63 परियोजनाएं बनाई गयी है। हाइड्रो पावर इलेक्ट्रिसिटी में 4,287 करोड़ रुपये की लागत से किरु परियोजना का काम प्रगति पर है। 4,633 करोड़ रुपये की कार योजना, 2,793 करोड़ रुपये की शाहपुर कुंडी और 11,908 करोड़ रुपये की लागत वाली पुंछ बिजली परियोजना पर काम जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इतना सारा विकास का काम पहले किसी ने नहीं किया जो नरेंद्र मोदी जी ने किया है। गृह मंत्री ने कहा कि हम सिर्फ वादा करने वाले लोग नहीं हैं बल्कि हम भ्रष्टाचार और आतंकवाद को समाप्त करना चाहते हैं और विकास करते हुए जम्मू-कश्मीर को पूरे देश में विकास की दौड़ में नंबर एक का राज्य बनाना चाहते हैं। श्री अमित शाह ने अनुरोध किया कि सरकार ने जो भी काम किए हैं लोगों को उन्हे खुली आँखों से देखना चाहिए।

## पाक में 56 साल के शख्स ने की 5वीं शादी, बच्चों-पोतों को मिलाकर 62 लोगों का है परिवार

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

हर किसी को जिंदगी में एक बार सच्चा प्यार नसीब होता है। पर यहां पाकिस्तान में रहने वाले 56 साल के शौकत को पांचवी बार सच्चा प्यार मिला। शौकत ने पांचवी शादी की है। शौकत की दस बेटियां और एक बेटा पहले से है। इसके अलावा 40 पोते मिलाकर कुल 62 सदस्यों का बड़ा परिवार है। एक यूट्यूब चैनल से बातचीत में शौकत हंसते हुए कहते हैं कि बेटियों से मेरा अकेलापन देखा नहीं गया इसलिए, शादी की। बकौल शौकत, उनकी चार पत्नियां अब जिंदा नहीं हैं।

पाकिस्तान के रहने वाले शौकत की कहानी यूट्यूबर यासिल शमी ने शेयर की है। उन्होंने शौकत का पिछले साल मार्च महीने में इंटरव्यू लिया था। इस मजेदार इंटरव्यू में उन्होंने ऐसी-ऐसी बातें कही कि मारे शर्म के शौकत और उनकी नई नवेली दुल्हन का चेहरा लाल हो गया। डेली पाकिस्तान से बात करते हुए, शौकत बताते हैं कि कैसे उनकी दो अविवाहित बेटियों ने जोर देकर कहा कि वह एक आखिरी बार शादी कर लें और अच्छे के लिए घर बसा लें।

**2-2 चपाती भी खाएं तो 124 बनानी होंगी :** यूट्यूबर ने शौकत की नई नवेली दुल्हन से सवाल किया कि वह इस शादी के बारे में कैसा महसूस कर रही हैं? पत्नी ने कहा कि वह खुश हैं और इस बड़े



परिवार के साथ खुश रहेंगी। फिर यासिल शमी ने पूछा कि खाना बनाते-बनाते थक तो नहीं जाओगी? 62 लोगों का परिवार है, अगर एक आदमी 2-2 चपाती भी खाए तो आपको 124 बनानी होंगी। जवाब में दुल्हन ने नीचें नजरें करते हुए कहा- कोई नहीं बना लेंगे।

**पुरानी पत्नियों का जिक्र कर हंस पड़े शौकत :** यासिल शमी ने शौकत से उनकी पुरानी बीवियों के बारे में पूछा। जवाब में शौकत ने कहा- वो अब साथ छोड़ चुकी हैं। शमी ने फिर पूछा- चौथी कहां है? शौकत बोले- इंतकाल हो गया। तीसरी, दूसरी और पहली का क्या हुआ? इस बार हंसते हुए शौकत ने कहा-वो भी अपने आप चली गईं...(जिंदा नहीं हैं)

**सऊदी अरब में 53 शादी वाले अब्दुला :** हालांकि यह पहली बार नहीं है कि बहुविवाह में कोई शख्स सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हो। हाल ही में, सऊदी अरब के रहने वाले 63 वर्षीय अबू अब्दुला अपनी 53 शादी को लेकर चर्चा में आए थे। अबू ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि उन्होंने अपनी जिंदगी में स्थिरता के लिए शादी की है न कि मजे के लिए।

## कनाडा में सालों से निशाने पर भारतीय, हिंसा में 'खालिस्तान' एंगल शामिल

*'श्री भगवद गीता पार्क' में तोड़फोड़ की गई। इस घटना की पुष्टि स्थानीय मेयर पैट्रिक ब्राउन ने ट्विटर के जरिए की है। कनाडा में भारतीय उच्चायोग की तरफ से भी इस घटना को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी गई है।*




• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

23 सितंबर 2022 को ही भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी थी। इस बात को करीब 10 दिन ही हुए हैं और ब्रैम्पटन में एक हिंदू ग्रंथ के नाम पर बने पार्क को निशाना बनाया गया। भारत की तरफ से इस घटना को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया भी दी गई, लेकिन हिंसा का दौर यहां खत्म नहीं होता। अगर बीते कुछ महीनों या सालों पर गौर करें, तो कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों, हेट क्राइम यानी नफरत के चलते अपराध जैसी कई चीजों का सामना भारतीय नागरिकों या देश से जुड़ी चीजों को करना पड़ा है।

**पहले ताजा घटना को समझे :** ब्रैम्पटन स्थिति एक नए बाग 'श्री भगवद गीता पार्क' में तोड़फोड़ की गई। इस घटना की पुष्टि स्थानीय मेयर पैट्रिक ब्राउन ने ट्विटर के जरिए की है। कनाडा में भारतीय उच्चायोग की तरफ से भी इस घटना को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी गई है। ब्राउन ने साफ कर दिया है कि ऐसी चीजों पर कनाडा की अथॉरिटी 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाती हैं। हालांकि, पिछली घटनाओं को देखें, तो यह दावा खोखला नजर आता है।

### इस साल हुई कुछ घटनाओं पर नजर डालते हैं

**फरवरी 2022 :** उस दौरान महज 2-3 महीनों के अंतराल में ही ग्रेटर टोरंटो इलाके के 6 हिंदू मंदिरों में चोरी की खबरें सामने आईं। इनके चलते स्थानीय हिंदू समुदाय काफी चिंतित हो गया था। अधिकांश मामलों में दानपेटी से नगदी, कुछ जेवर चुराए गए थे। खबरें हैं कि इनकी शुरुआत नवंबर 2021 में हिंदू सभा मंदिर और श्री जगन्नाथ मंदिर में चोरी से हुई थीं। खास बात है कि ये दोनों मंदिर भी ब्रैम्पटन में ही हैं।

**मार्च 2022:** पंजाब के कपूरथला की 25 वर्षीय हरमनदीप कौर की हत्या कर दी गई थी। कौर के सिर पर कथित तौर पर कनाडाई नागरिक ने रॉड से हमला किया था, जिसके चलते उनकी मौत हो गई थी। भारतीय नागरिक ने कनाडा में ही शिक्षा हासिल की थी।

**अप्रैल 2022:** गाजियाबाद के रहने वाले 21 वर्षीय छात्र कार्तिक वासुदेव को कनाडा के टोरंटो में गोली मार दी गई। वह सेनेका यूनिवर्सिटी से ग्लोबल मैनेजमेंट की शिक्षा हासिल कर रहे थे। कॉलेज शुरू करने के कुछ समय बाद ही उन्होंने डाउनटाउन इलाके में एक रेस्त्रां में काम करना शुरू किया था। काम पर जाते वक्त ही उन्हें गोली मारी गई थी।

**जुलाई 2022:** कनाडा के ओंटारियो में रिचमंड हिल सिटी के यॉन्ग स्ट्रीट और गार्डन एवेन्यू इलाके में स्थित विष्णु मंदिर में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ दी गई। इस बात की जानकारी यॉर्क रीजनल पुलिस ने दी थी। इस घटना पर भी भारत की तरफ से कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की गई थी। भारत ने घटना की जांच की मांग भी की थी।

**अगस्त 2022:** टोरंटो के उपनगरीय इलाके में तीन हथियार धारी लोगों ने पंजाबी मीडिया होस्ट जोती सिंह मान पर हमला कर दिया था। कनाडा में बड़े स्तर पर इस क्रूर हमले का वीडियो वायरल हुआ था। वह ग्रेटर टोरंटो इलाके के ब्रैम्पटन के रहने वाले थे।

**सितंबर 2022:** टोरंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर में दीवारों पर भारत विरोधी बातें लिखी गईं। खबरें आई थी कि दीवारों पर खालिस्तान समर्थित नारे भी लिखे गए थे। भारत ने मामले पर नाराजगी जताई और कार्रवाई की मांग की थी।

### पहले भी हुई हैं घटनाएं

**सितंबर 2021:** मिसिसॉगा में पार्क में पूजा कर रहे हिंदू परिवार पर किशोरों ने हमला कर दिया।

**सितंबर** 2021: 23 साल के युवा प्रभजोत सिंह खत्री की उसके अपार्टमेंट में ही हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस घटना के तार भी नस्लीय हिंसा से जुड़े थे।

**अगस्त 2021:** कोमगाता मारू मेमोरियल को निशाना बनाया गया। वेंकूवर को कोल हार्बर में हुए अटैक को प्रवासियों की तरफ से नस्लीय हमला बताया गया था।

**मार्च 2021:** भारतीय नागरिकों की तरफ से आयोजित तिरंगा एंड मैपल रैली पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला कर दिया। ब्रैम्पटन में आयोजित कार रैली में खालिस्तान समर्थकों ने लोगों को अपशब्द कहे।

**जून 2020:** तमिलनाडु की छात्रा 23 वर्षीय रेचल एल्बर्ट को चाकुओं से हमला किया गया।

**कनाडा में भारतीय और खालिस्तान का एंगल :** कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या काफी बड़ी है। कई छात्र उच्च शिक्षा के लिए कनाडा का रुख करते हैं। इस मामले में अमेरिका के बाद कनाडा दूसरे स्थान पर है। खास बात है कि भारत से कनाडा जाने वालों में सिख समुदाय की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। आंकड़े बताते हैं कि भारत से कनाडा जाने के लिए आवेदन देने वालों में 60 से 65 प्रतिशत पंजाबी हैं। बीते कुछ सालों में कनाडा में पंजाबी सिख समुदाय आर्थिक और राजनीतिक रूप से काफी मजबूत हुआ है। खबरें हैं कि समुदाय के कुछ वर्ग दशकों से खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं और उन्हें मदद भी मुहैया करा रहे हैं।

साल 2018 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो जब भारत आए थे, तो एक ऐसे शख्स को भी निमंत्रण चला गया था, जिसपर साल 1986 में पंजाब के मंत्री की हत्या का दोष था। हालांकि, कनाडा के अधिकारियों को इस निमंत्रण को वापस लेना पड़ गया था।

**भारत के मामलों में दखल :** भारत में तीन कृषि कानूनों को लेकर जमकर विरोध हुआ था। हालांकि, भारत सरकार ने इन्हें वापस ले लिया था। उस दौरान पीएम ट्रूडो की तरफ से विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को समर्थन दिया गया और बताया था कि हालात 'चिंताजनक' हैं। गुरुपर्व के मौके पर उन्होंने कहा था, '...मैं आपको याद दिला दूं कि कनाडा हमेशा शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के अधिकारों की रक्षा करेगा।'

# देश में दूध की बढ़ती कीमतों पर राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

*कहा- चारे की बढ़ती कीमतें और लम्पी वायरस फैलने से रोकने के प्रति सरकार की उदासीनता व उपेक्षा से स्थिति और खराब हुई*

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गुरुवार को दूध की बढ़ती कीमतों को रोकने में विफल रहने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर हमला बोला और कहा कि दो साल पहले इसके बारे में जानने के बावजूद समस्या का समाधान करने में केंद्र की नाकामी के कारण दूध की कीमतों में और वृद्धि होने की संभावना है क्योंकि चारे की कीमतों से दूध का सीधा संबंध है।

ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, सांसद राघव चड्ढा ने कहा, "दूध की कीमतें फिर से बढ़ने के लिए तैयार हैं ?! कारण? 1. चारे की कीमतों में बेरोकटोक वृद्धि 2. लम्पी वायरस के प्रसार के कारण कुछ वर्षों से किसान चारे के बजाय अन्य फसलों की बुवाई करना पसंद कर रहे हैं। चारे की कीमतें अब अगस्त में 9 साल के उच्चतम स्तर 25.54% तक पहुंच गई हैं। अकेले गुजरात में, जो कि दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है, पिछले दो वर्षों में चारा फसलों का क्षेत्रफल 1.36 लाख हेक्टेयर कम हो गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने दो साल पहले चारे के संकट और कृषक परिवारों पर इसके प्रभाव को देखा था। इसलिए, विशेष रूप से चारे के लिए 100 किसान उत्पादक संगठन (FPO) स्थापित करने का प्रस्ताव केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा सितंबर 2020 में तैयार किया गया था।

विडंबना यह है कि संकट सामने आने के बावजूद अभी तक एक भी एफपीओ पंजीकृत नहीं किया गया है। सरकार को वर्षों पहले संभावित संकट के बारे में पता था, लेकिन कुछ नहीं किया। केवल एक साल में, चारे की कीमतों और मांग दोनों में तीन गुना वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए अकेले राजस्थान और एमपी में, चारे (भूसे) की कीमतें 400-600 रू प्रति क्विंटल से बढ़कर 1100-1700 प्रति क्विंटल हो गईं।

"लम्पी वायरस अनियंत्रित रूप से फैल रहा है और चारे की कीमतें बेरोकटोक बढ़ रही है, लेकिन सरकार ने इन मुद्दों को हल करने के लिए कुछ भी नहीं किया है। परिणाम स्वरूप किसानों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## पटाखों के अस्थाई लाइसैंस के लिए रैड क्रॉस भवन में 12 अक्तूबर को ड्रा

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

पुलिस कमिशनर (ला एंड आडर) अंकुर गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2016 में जारी पटाखों के 20 प्रतिशत अस्थाई लाइसैंस (20 अनंतिम लाइसैंस) 12 अक्तूबर 2022 को स्थानीय रैड क्रॉस भवन में ड्रा के माध्यम से जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बर्लटन पार्क में स्थित अस्थाई पटाखों की दुकानों का अस्थाई लाइसैंस प्राप्त करना चाहते है, वे कार्यालय की असला लाइसैंसिंग शाखा, कमिशनर जांलधर से अपना आवेदन पत्र प्राप्त कर 7 से 10 अक्तूबर 2022 तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जमा कर सकते है। 12 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे स्थानीय रैड क्रॉस भवन में ड्रा निकाला जाएगा।

# केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा

• **जालंधर ब्रीज.फगवाड़ा**



केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुँचाया जाए ताकि समाज के कमजोर वर्गों के जीवन स्तर में सुधार किया जा सके। आज नगर निगम फगवाड़ा के दफ्तर में अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर फगवाड़ा डा. नयन जस्सल, अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर विकास एसपी आंगरा व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं एम पी लैंड अमृत सरोवर और पी एम स्वानिधि योजना की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि एम.पी लैंड के नेतृत्व में उनके द्वारा जारी की गई राशि को जल्द से जल्द खर्च किया जाए और उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए ताकि अधिक धनराशि जारी की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों से संबंधित एस्टीमेट तैयार कर तत्काल भेजा जाए ताकि विकास कार्यों को और गति मिल सके।

एडीसी डॉ. नयन जस्सल ने कहा कि जनहित के लिए पंजाब सरकार और केंद्र सरकार की जनकल्याण और विकास योजनाओं को बिना किसी देरी के लागू किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से साप्ताहिक आधार पर जन कल्याणकारी योजनाओं का मूल्यांकन करने को कहा ताकि उनका लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि वे केंद्रीय योजनाओं से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र तुरंत जमा करवाए।

# खेडां वतन पंजाब दीयां; राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए तैयारियाँ मुकम्मल

## 29 खेलों के मुकाबले 11 से 22 अक्तूबर तक चलेंगे : मीत हेयर

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



राज्य में खेल अनुकूल माहौल सृजन करने के लिए शुरू की 'खेडां वतन पंजाब दीयां-2022' के आखिरी पड़ाव राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए खेल विभाग की तरफ से सब तैयारियाँ मुकम्मल कर ली गई हैं। 29 खेलों के यह मुकाबले 11 से 22 अक्तूबर तक राज्य के 9 अलग- अलग शहरों में होंगे। यह जानकारी देते हुये खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने बताया कि ब्लाक और ज़िला स्तरीय मुकाबलों के सफल प्रबंधन के बाद खेल विभाग की तरफ से राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए सब तैयारियाँ मुकम्मल कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरफ से राज्य को खेल में फिर से नंबर वन राज्य बनाने की वचनबद्धता के अंतर्गत खेल विभाग की तरफ से करवाये इन खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या 3 लाख के करीब है। राज्य स्तरीय टूर्नामैंट के विजेताओं को कुल 6 करोड़ रुपए के इनाम दिए जाएंगे। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वालों को क्रमवार 10 हज़ार, 7 हज़ार और 5 हज़ार रुपए का नगद इनाम मिलेगा। इसके इलावा सर्टिफिकेट हासिल करने वाले खिलाड़ियों की ग्रेडशन भी होगी।

खेल मंत्री के निर्देशों पर तैयारियां का जायज़ा लेने के लिए विभाग के प्रमुख सचिव राज कमल चौधरी और डायरैक्टर राजेश धीमान ने समूह ज़िला खेल अफसरों के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान श्री चौधरी ने समूह खेल अफसरों को राज्य स्तरीय मुकाबलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के आने-जाने, रहने, खाने आदि के प्रबंध बढ़िया करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी खेल के खिलाड़ी को दिक्कत आती है तो वह सम्बन्धित जिले के ज़िला खेल अफ़सर के साथ तालमेल कर सकता है।

# शहर की सभी सडक़ों की बदली जाएगी नुहार: ब्रम शंकर जिंपा



• **जालंधर ब्रीज.होशियारपुर**

कैबिनेट मंत्री ब्रम शंकर जिंपा ने कहा कि शहर की सभी सडक़ों की कायाकल्प की जाएगी। शहर के वार्ड नंबर 6 की अलग-अलग गलियों का 7.58 लाख रुपए की लागत से तारकोल डालने के कार्य की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि शहर वासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाना उनकी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर के सर्वपक्षीय विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हिदायत की कि कार्य की गुणवत्ता व मटीरियल का खास ध्यान रखा जाए।

इस मौके पर मेयर सुरिंदर कुमार, संदीप लिबड़ा, मास्टर बलदेव शर्मा, एक्सीयन कुलदीप सिंह, डी.एस.पी. पलविंदर सिंह के अलावा बड़ी गिनती में इलाका निवासी मौजूद थे।

# एडीसी ने आधार को वोटर कार्ड से लिंक करने के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

## मतदाता सूची के संशोधन संबंधी प्रगति का लिया जायजा

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**



अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर (विकास) -कम- अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी वरिंदरपाल सिंह बाजवा ने वीरवार को संबंधित अधिकारियों को मतदाता सूची के संशोधन के साथ-साथ वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने के चल रहे कार्य की प्रगति का जायजा लिया और इस संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

एडीसी ने स्थानीय जिला प्रशासकीय परिसर में मतदाता पंजीकरण अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि अब तक जिले के 10,91,402 मतदाताओं के मतदाता कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र फिल्लौर के 1,44,320, नकोदर के 1,49,308, शाहकोट के 1,21,773, करतारपुर के 1,33,048, जालंधर पश्चिम के 1,20,850, जालंधर सेंट्रल के 88,099 मतदाता, जालंधर उत्तर जालंधर कैंट के 1,10,673, 1,15,660 मतदाताओं और आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र के 1,07,671 मतदाताओं के वोटर कार्ड आधार से जोड़े गए है। उन्होंने ईआरओ को विशेषतौर पर काम की निगरानी करने और कम प्रगति वाले सुपरवाईजरों/बीएलओ को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा ताकि यह काम भारत के चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जा सके।

# एमडीआर मीटिंग में सिविल सर्जन ने मेटरनल डेथ्स का किया रिव्यू



• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

सेहत विभाग द्वारा जिले में अगस्त और सितंबर महीनों के दौरान अब तक हुईं मेटरनल डेथ्स का सिविल सर्जन दफ्तर जालंधर में सिविल सर्जन डॉ. रमन शर्मा के नेतृत्व में मीटिंग के दौरान रिव्यू किया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि मेटरनल डेथ्स रिव्यू मीटिंग का मुख्य मकसद इन मौतों के होने का कारन पता लगाकर भविष्य में ऐसी मौतों को होने से रोकना है। सिविल सर्जन डॉ. रमन शर्मा ने कहा कि गर्भवती औरतों का 100 फीसद एंटीनेटल चेकअप व अनिवार्य सारे मेडीकल टेस्ट करने यकीनी बनाए जाएं। एएनएमज़ व आशा वर्कर ड्यूटी करते हुए अपनी होम विज़िट व संस्थागत डिलिवरी के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रेरित किया जाए तांकि सरकारी अस्पतालों में ही गर्भवती महिलाओं की डिलिवरी करवाई जा सके। सिविल सर्जन ने कहा कि सिजेरियन केसों को 5 से 7 दिन तक महिला को एंटीनेटल चेकअप के दौरान डिलिवरी के लिए पहले से एक्शन प्लान बनाया जाए तांकि सुरक्षित डिलिवरी करवाई जा सके।

# श्री चैतन्य महाप्रभु राधा माधव मंदिर में कार्तिक मास के उपलक्ष में निकाली पहली प्रभातफेरी

*मंगला आरती के बाद सभी ने मंदिर में ठाकुर जी के व तुलसी महारानी के सामने दीप दान किया...*

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**



श्री चैतन्य महाप्रभु राधा माधव मंदिर प्रताप बाग में कार्तिक मास के उपलक्ष में पहली प्रभातफेरी मंदिर प्रांगण से निकाली गई। सुबह 4 बजे मंदिर में संकीर्तन का शुभारंभ केवल कृष्ण, रेवती रमण गुप्ता, राजेश शर्मा, मिंटू कश्यप, मनोज कौशल, गौर और करतार सिंह द्वारा गुरु वंदना, वैष्णव वंदना और पंचतत्व द्वारा किया गया। मंगला आरती के बाद सभी लोगों ने मंदिर में ठाकुर जी के व तुलसी महारानी के सामने दीप दान किया।

प्रभात फेरी 6 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई और श्री वृंदा देवी मंदिर कोट किशन चंद में प्रणाम करके वापिस मंदिर में विश्राम दिया गया। मार्ग में विजय मक्कड़, रमन अरोड़ा के निवास पर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। श्री वृंदा देवी मंदिर कमेटी की तरफ से श्री हरिपाल सोंधी, विनोद सोंधी, जीवन शर्मा, सुशील सोंधी, महेश कालिया, नरेंद्र शर्मा, कमल बजाज, कृष्ण चंद्र कपूर द्वारा प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राधे राधे राधे, वृन्दावन विलासिनी राधे राधे व हरे कृष्ण महामंत्र संकीर्तन में भक्तों ने खूब नृत्य संकीर्तन किया।

प्रभात फेरी में अमित चड्ढा, जवाहर लाल अरोड़ा, नरेंद्र गुप्ता, टी एल गुप्ता, राम मिलन पांडे, विजय सागड़, अजय अग्रवाल, सत्यव्रत गुप्ता, राजीव ढींगरा, गगन अरोड़ा, विशाल ठुकराल, नवल, प्रेम चोपड़ा, चेतन दास, अश्विनी मिंटा, चंद्रमोहन राय, राजन गुप्ता, करणवीर, शर्मा, हेमंत थापर, संजीव खन्ना, गुरविंदर, मनीष अग्रवाल, करतार सिंह, नरेंद्र कालिया, देवेंद्र भाखडी अन्य शामिल हुए।




## कपूरथला नगर निगम ने हरमिंदर दुलोवाल को बनाया ब्रांड एंबेसडर

• **जालंधर ब्रीज.कपूरथला**

नगर निगम कमिशनर अनुपम केलर ने कहा है कि भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत, सरकार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के लिए स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत शहरों में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से की है। स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूक करने के लिए निगम ने हरमिंदर दुलोवाल को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। उन्हें स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्ति का प्रमाण पत्र भी जारी किया गया।

# इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के अधिकारियों को कॉलोनी की समस्याओं के बारे में बताया



• **जालधर ब्रीज.जालंधर**

महाराजा रणजीत सिंह रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी (रजिस्टर्ड) के एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य प्रधान राकेश बहल, उप प्रधान सोनू वीरजी, महासचिव नवीन बुलंदी, कैशियर विनोद तलवार, प्रेस सचिव हेमंत थापर, मोनू शर्मा अथवा इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के उच्च अधिकारी एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राजेश चौधरी, सई सतभूषण सचदेव, एक्सीन नवीन मल्होत्रा, एक्सीन राजीव वसल, एसडीओ सुखदेव राज, जेई राजकुमार, जेई मनदीप सिंह के बीच कॉलोनी की समस्याओं के बारे में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। राकेश बहल ने इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के उच्च अधिकारियों को कॉलोनी की समस्याओं को विस्तारपूर्वक बताते हुए बताया। डीसी जालंधर जसप्रीत सिंह ने भी कॉलोनी की गंभीर समस्याओं को सुनकर चिंता जताई थी अथवा कॉलोनी के मेंबर्स को यह विश्वास दिलाया कि वह जल्द कार्रवाई करवाएंगे।

# मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस विभाग में 2500 पद भरने का ऐलान

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के नौजवानों को बड़ा तोहफ़ा देते हुये पुलिस विभाग में 2500 के करीब पद भरने की प्रक्रिया शुरू करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नौजवानों को रोज़गार मुहैया करवाने की चल रही प्रक्रिया के अंतर्गत आम आदमी सरकार पंजाब पुलिस में 2500 के करीब और पुलिस मुलाजिमों की भर्ती करेगी जिससे अमन-कानून की स्थिति को प्रभावी ढंग से कायम रखने के साथ-साथ भावी चुनौतियों से निपटने के लिए मानवीय शक्ति में विस्तार किया जा सके। उन्होंने बताया कि इन पदों में इंटेलिजेंस और इन्वेस्टिगेशन काडर में कांस्टेबलों के 1156, इन्वेस्टिगेशन काडर में हैड कांस्टेबल के 787 और इन्वेस्टिगेशन, इंटेलिजेंस, ज़िला और आर्म्ड पुलिस काडर में सब इंस्पेक्टरों के 560 पद शामिल हैं। भगवंत मान ने बताया कि कांस्टेबलों की परीक्षा 14 अक्तूबर, 2022 को होगी, जबकि हैड कांस्टेबलों की परीक्षा 15 अक्तूबर, 2022 को होगी और सब-इंस्पेक्टरों के पदों के लिए 16 अक्तूबर, 2022 को होगी।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने कुछ समय पहले ही पुलिस फोर्स में 4374 कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। उन्होंने कहा कि और भर्ती भी अमल अधीन है और जल्दी ही यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। नौजवानों को रोज़गार मुहैया करवाने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ वचनबद्धता को दोहराते हुये भगवंत मान ने कहा कि भर्ती की समूची प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से की जा रही है।

# टी20 विश्वकप के लिए टीम इंडिया रवाना

**मुंबई.** ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम रवाना हो गई है। टीम कुल 14 खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया गई है। भारतीय टीम की रवानगी के साथ ही मिशन वर्ल्डकप का आगाज भी हो गया है। भारतीय टीम अब ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में उतरेगी। उड़ान भरने से पूर्व विराट कोहली, ऋषभ पंत , सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा ने शानदार तस्वीर भी फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा की है। बता दें कि अभी पूरी टीम ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना नहीं हुई है। दरअसल कई खिलाड़ी साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज में व्यस्त हैं। ये खिलाड़ी अभी ऑस्ट्रेलिया नहीं गए है। 15 सदस्यीय भारतीय टीम में अभी एक खिलाड़ी की कमी है। संभावना है कि अगले सप्ताह तक खिलाड़ी का चयन हो जाएगा।



फोटो-बीसीसीआई

## 23 अक्तूबर को पहला मैच

भारत पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में अपने वर्ल्डकप टूर्नामेंट का आगाज 23 अक्टूबर से करेगा। दूसरा मैच सिडनी में 27 अक्टूबर को भारत बनाम ग्रुप ए रनर-अप के साथ होगा। साउथ अफ्रीका के साथ भारतीय टीम 30 अक्टूबर को भिड़ेगी। भारत बनाम बांग्लादेश के बीच 2 नवंबर को एडिलेड में मैच खेला जाएगा। इसके बाद ग्रुप बी विनर के साथ भारतीय टीम मेलबर्न में भिड़ेगी।

## ये है भारतीय स्क्वॉड

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुडा, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह। स्टैंडबाय में मोहम्मद शमी, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, दीपक चाहर को रखा गया है। नेट गेंदबाज के तौर पर उमरान मलिक, चेतन सकारिया, कुलदीप सेन शामिल है।

## बिना अनुमति बोरवेल खोदने या गहरा करने पर रोक

**जालंधर ब्रीज.कपूरथला :** जिला मैजिस्ट्रेट विशेष सारंगल ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे कुओं एवं नलकूपों की खुदाई के कारण इन बोरवेल में लोगों एवं बच्चों के गिरने की आशंका को देखते हुए जिले में बिना अनुमति बोरवेल खोदने या गहरा करने पर रोक लगा दी है और संबंधित अधिकारी से मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया है।



दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिलाधिकारी ने जिला कपूरथला की सीमा के भीतर ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में बोरवेल/ट्यूबवेल खोदने/मुरम्मत करने से पहले भू-स्वामियों और संबंधित विभागों को आदेश जारी किए है। कुआं/बोर खोदने पर मालिक को संबंधित जिला कलेक्टर, संबंधित ग्राम पंचायत, नगर परिषद, जन स्वास्थ्य विभाग, भूमि संरक्षण विभाग (भूजल) को 15 दिन पहले सूचित करना होगा। इसके साथ ही कुओं/बोरवेलों की खुदाई या मुरम्मत में शामिल सभी एजेंसियों जैसे सरकारी/अर्ध सरकारी/निजी आदि को ड्रिलिंग एजेंसी के नाम और पंजीकरण नंबर के साथ कुओं/बोरवेलों की खुदाई/मुरम्मत करने वाली एजेंसी के नाम और पंजीकरण नंबर के साथ पंजीकृत होना होगा। ये आदेश 3 दिसंबर 2022 तक प्रभावी रहेंगे।

## 8 व 9 अक्तूबर को मांस व शराब की बिक्री पर रोक

**जालंधर ब्रीज.जालंधर :** जिला मैजिस्ट्रेट जसप्रीत सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 और पंजाब आबकारी अधिनियम 1914 की धारा 54 और पंजाब शराब लाइसैंस 1956 के अधीन प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए भगवान वाल्मीकि जी के प्रकाश पर्व के संबंध में 08, और 09 अक्तूबर को होने वाली शोभा यात्रा के मार्ग व स्थानों के मांस व शराब की बिक्री पर रोक लगा दी है ।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.